नई दिल्ली, 7 अक्तूबर, 2020

**सा.का.नि. 147.—**राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली समूह 'ग' भर्ती नियम, 1986 और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली, समूह 'ग' भर्ती नियम, 1987 और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली (सूचीकार) भर्ती नियम, 1989 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली में पुस्तकालय एवं सूचना सहायक के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली, पुस्तकालय एवं सूचना सहायक (समूह 'ख' पद), भर्ती नियम, 2020 है।

   (2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.—**उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट है।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि.—**भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हता और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.—**वह व्यक्ति-

   (क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

   (ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

   उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

   परंतु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार है, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति.—**जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए कारणों को लेखबद्ध करके और संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति.—**इन नियमों की कोई बात ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है

## अनुसूची

| पद का नाम | पद की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में स्तर | चयन या अचयन पद | सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| पुस्तकालय एवं सूचना सहायक | 03* (2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है | साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'ख', अराजपत्रित,अननुसचिवीय | वेतन मैट्रिक्स में स्तर-6 (35400-112400 रुपए) | चयन पद | तीस वर्ष से अधिक नहीं । (केंद्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए पाँच वर्ष की आयु तक शिथिल की जा सकती है ।) टिप्पण: आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख कर्मचारी चयन आयोग द्वारा यथाविज्ञापित होगी |

| सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों के मामले में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | भर्ती की पद्धति: सीधी भर्ती या प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| **आवश्यक अर्हताएँ :** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक की डिग्री<br>**वांछनीय:** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कम्प्यूटर एप्लिकेशन में डिप्लोमा ।<br>**आवश्यक अनुभव :** केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या स्वायत्त या कानूनी संगठन या पब्लिक सेक्टर उपक्रम या विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान या शैक्षिक संस्थान के पुस्तकालय में दो वर्षों का व्यावसायिक अनुभव । | आयु : नहीं<br>शैक्षिक अर्हताएँ : हाँ | दो वर्ष | 67 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा ।<br>33 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है । |

| प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| विभागीय पुस्तकालय लिपिक में से प्रोन्नति, जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-2 (19900-63200 रुपए) में दस वर्ष की नियमित सेवा की हो और किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक की डिग्री रखते हों।<br>**प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित):**<br>केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या स्वशासी या कानूनी संगठनों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के ऐसे अधिकारी :<br>(क) (i) जो मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं: या<br>(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स में स्तर-5 (29200-92300) या इसके समतुल्य पदों पर नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस श्रेणी में छह वर्ष की सेवा की हो; और<br>(ख) जो स्तंभ (7) के अधीन सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए निर्धारित शैक्षिक अहर्ताएं और अनुभव रखते हों। | **विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि पर विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:**<br>1. अपर चिकित्सा अधीक्षक, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज - अध्यक्ष;<br>2. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के चिकित्सा शिक्षा अनुभाग के प्रभारी उप निदेशक प्रशासन - सदस्य;<br>3. उप निदेशक प्रशासन, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज - सदस्य।<br>**विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति पर विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:**<br>1. अपर चिकित्सा अधीक्षक, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज - अध्यक्ष;<br>2. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के चिकित्सा शिक्षा अनुभाग के प्रभारी उप निदेशक प्रशासन - सदस्य;<br>3. उप निदेशक प्रशासन, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज - सदस्य। | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है। |

[फा. सं. ए.11018/3/2005- एमएच II (आरआर)]

प्रेम नारायण, अवर सचिव

New Delhi, the 7th October, 2020

**G.S.R. 147 .**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supersession of the Lady Hardinge Medical College and Shrimati Sucheta Kripalani Hospital, New Delhi, Group C Recruitment Rules, 1986, and the Lady Hardinge Medical College & Smt. Sucheta Kriplani Hospital, New Delhi, Group 'C' Recruitment Rules, 1987 and Lady Hardinge Medical College and Smt. Sucheta Kriplani Hospital, New Delhi (Cataloguer) Recruitment Rules, 1989, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Library and Information Assistant, in Lady Hardinge Medical College and Shrimati Sucheta Kriplani Hospital, New Delhi namely:-

1. **Short title and commencement.—** (1) These rules may be called the Ministry of Health and Family Welfare, Lady Hardinge Medical College and Shrimati Sucheta Kriplani Hospital, New Delhi, Library and Information Assistant, ( Group'B' Post) Recruitment Rules, 2020.

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification, level in the pay matrix.—**The number of the said post, its classification and level in the pay matrix attached thereto, shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.—**The method of recruitment, age–limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification.—**No person, -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.—**Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, and in consultation with the Union Public Service Commission relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.—**Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes. Ex-servicemen, Other Backward Classes and other special categories of person in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post | Number of post | Classification | Level in pay matrix | Whether Selection post or Non-selection post |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| Library and Information Assistant | 3* (2020)<br>*Subject to variation dependent on workload. | General Central Service, Group 'B', Non- Gazetted, Non- Ministerial. | Level- 6 in the pay matrix (Rs. 35400-112400). | Selection post |

| Age-limit for direct recruits | Educational and other qualifications required for direct recruits |
|---|---|
| (6) | (7) |
| Not exceeding thirty years.<br>(Relaxable for Government servants up to five years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government).<br>**Note :** The crucial date for determining the age limit shall be as advertised by the Staff Selection Commission. | **Essential Qualifications** :<br>Bachelor Degree in Library Science or Library and Information Science from recognised University or Institute.<br>**Desirable:**<br>Diploma in Computer Application from a recognised University or Institution.<br>**Essential Experience :**<br>Two years professional experience in a Library under Central Government or State Government or autonomous or statutory organisation or public sector undertaking or University or recognised research or educational institution. |

| Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any | Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation /absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods |
|---|---|---|
| (8) | (9) | (10) |
| Age : no<br>Educational Qualifications : Yes | Two years. | 67 percent by direct recruitment.<br>33 percent by promotion failing which by deputation including Short Term Contract. |

| In case of recruitment by promotion or deputation /absorption grade from which promotion or deputation/ absorption to be made | If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition? | Circumstances in which Union Public Services Commission is to be consulted in making recruitment |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| Promotion from Departmental Library Clerk in level 2 in the pay matrix (Rs. 19900- 63200) with 10 years of regular service in the grade and possessing Bachelors degree in Library Science or Library and Information Science from a recognized University or Institute.<br>Deputation (including short term contract):<br>Officers under the Central Government or State Governments or Union terrorities or Autonomous or Statutory organisation or Public Sector Undertakings or Universities or recognised research institutes :<br>(a) (i) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or department ;or<br>(ii) with six years of service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis in posts in the pay level -5 of the pay matrix (Rs. 29200–92300 ) or equivalent in the parent cadre or department ;<br>and<br>(b) Possessing the educational qualifications and experience prescribed for Direct Recruits under column (7). | **Departmental Confirmation Committee (for considering Confirmation) consisting of:-**<br>1. Additional Medical Superintendent, Lady Hardinge Medical College -Chairman;<br>2. Deputy Director Administration, in charge of Medical Education Section, Directorate General of Health Services -Member;<br>3. Deputy Director Administration, Lady Hardinge Medical College -Member.<br>**Departmental Promotion Committee (for considering Promotion ) consisting of :**<br>1. Additional Medical Superintendent, Lady Hardinge Medical College -Chairman;<br>2. Deputy Director Administration, in charge of Medical Education Section, Directorate General of Health Services -Member;<br>3. Deputy Director Administration, Lady Hardinge Medical College -Member. | Consultation with the Union Public Service Commission is not necessary. |

[F. No. A.11018/3/2005-MH II( RR)]

PREM NARAIN, Under Secy.

नई दिल्ली, 7 अक्तूबर, 2020

**सा.का.नि. 148 .—**राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली (सहायक माइक्रोबायोलोजिस्ट) भर्ती नियम, 1995 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली में सहायक माइक्रोबायोलोजिस्ट के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-